दिन–बुधवार दिनांक– 14 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात नौ बजकर तीस मिनट पर इसका क्षेत्रीय भाषा का संस्करण प्रसारित करेगा। राष्ट्रपति का संबोधन दूरदर्शन के सभी चैनलों पर पहले हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी में भी प्रसारित किया जाएगा।

———————————————————————————

राष्ट्रपति के देश के नाम संबोधन के कारण आकाशवाणी के पटना केन्द्र से शाम साढ़े सात बजे से प्रसारित होने वाले प्रादेशिक समाचार बुलेटिन के समय में बदलाव किया गया है। आज यह बुलेटिन शाम के छह बजकर पैंतीस मिनट से प्रसारित किया जायेगा। वहीं, जिले की हलचल शाम छह बजकर बावन मिनट पर प्रसारित होगा।

———————————————————————————

आज देश विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है। इसे वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस के विभाजन के दौरान विस्थापित और पलायन कर चुके लोगों की याद में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन असंख्य लोगों को याद किया है, जिन्होंने विभाजन की त्रासदी की पीडा झेली। उन्होंने कहा कि आज उन सभी लोगों के साहस को सम्मानित करने का दिन है। श्री मोदी ने कहा कि विभाजन से प्रभावित बहुत से लोगों ने अपने जीवन की पुनः शुरूआत की और अपार सफलता अर्जित की। उन्होंने देश में एकता और भाईचारे की भावना को सदैव संरक्षित करने की प्रतिबद्धता पर भी बल दिया। वे सभी लोग जिन्होंने विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाई और अपनी जड़ों से अलग हो गए। उनके सम्मान में सरकार ने वर्ष दो हजार इक्कीस में चौदह अगस्त को हर साल विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का फैसला लिया।

———————————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। श्री शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि तिरंगा करोड़ों भारतवासियों की एकता, निष्ठा और गौरव के प्रतीक के रूप में सदैव लहराता रहेगा। गृहमंत्री ने कहा है कि उन्होंने अपने आवास पर

तिरंगा फहराकर उन वीरों का स्मरण किया, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। हर घर तिरंगा अभियान देशवासियों में राष्ट्र भक्ति की भावना बढाने के लिए नौ से पन्द्रह अगस्त तक पूरे देश में मनाया जा रहा है। सरकार ने लोगों से आग्रह किया है कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और तिरंगे के साथ एक सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें।

———————————————————————————

प्रदेश में भी हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। स्कूली छात्र भी इसमें बढ़—चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। इस अभियान को लेकर बिहार भाजपा की ओर से प्रदेश भर में तिरंगा यात्रा और रैली निकाली गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी लोग तिरंगे के साथ सेल्फी और हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ी तस्वीर भी साझा कर रहे हैं।

———————————————————————————

मधुबनी चित्रकला की लब्ध प्रतिष्ठित कलाकार और पद्म श्री से सम्मानित गोदावरी दत्ता का आज मधुबनी में निधन हो गया। तिरानवे वर्षीय गोदावरी दत्ता पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। मधुबनी कला में विशिष्ट योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें वर्ष दो हजार उन्नीस में पद्म श्री से सम्मानित किया था। गोदावरी दत्ता के निधन पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्र, जदयू सांसद संजय झा समेत कई गणमान्य लोगों ने गहरी संवेदना जताई है।

———————————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक—रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चम्पारण के पीपराकोठी में सबसे अधिक इक्यानवे दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। विभाग ने अगले पाँच दिनों तक राज्य के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। वहीं, राज्य के दक्षिण—पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना जतायी है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।